भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्त न प्राधिकरण का वृक्षारोपण अभियान -अखिल भारत स्तणर पर सभी भा वि प्रा हवाई अड्डों पर एक पखवाडे में 10,000 वृक्षारोपण ।

नई दिल्ली, 29 जुलाई 2016: देश भर के सभी हवाई अड्डों पर 16 जुलाई से 31 जुलाई तक मनाए जा रहे स्व च्छई भारत अभियान के भाग के रूप में भारतीय विमानपत्तजन प्राधिकरण के प्रशिक्षण केन्द्रे, भारतीय विमानन अकादमी द्वारा 28.7.2016 को वृक्षारोपण अभियान आरम्भे किया गया जिसका उदघाटन श्री पी. अशोक गजपति राजू , माननीय केन्द्री य नागर विमानन मंत्री ने किया । डा. गुरूप्रसाद महापात्रा, अध्य,क्ष, भा वि प्रा, श्री अनुज अग्रवाल सदस्य् (मा.सं.) , भा वि प्रा तथा श्री राजीव गोयल, कार्यपालक निदेशक (प्रशिक्षण-आई ए ए) व अन्यअधिकारियों ने मिलकर लगभग 50 नीम के पौधे लगाए।

श्री पी. अशोक गजपति राजू , माननीय नागर विमानन मंत्री की वृक्षारोपण अभियान में गहन रूचि है । उन्हों ने कहा कि हम सभी प्रदूषण के लिए उत्तवरदायी हैं । अत: हम सभी का कर्त्तचव्य है कि हम पर्यावरण संरक्षण के लिए भरसक प्रयास करें ।

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्रा, अध्यकक्ष, भा वि प्रा ने कहा कि यह प्रतीकात्म क अभियान है, भा वि प्रा सभी हवाई अड्डों तथा प्रतिष्ठानों पर एक पखवाड़े के भीतर 10,000 वृक्ष लगाने के लिए प्रयासरत है । उन्हों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भा वि प्रा द्वारा उठाए गए विभिन्न् कदमों की चर्चा की जैसे रीसाइकल्ड् पेपर, सौरऊर्जाकरण द्वारा ऊर्जा संरक्षण तथा गैर परंपरागत ऊर्जा स्रोतों का अधिकतम प्रयोग, सभी भा वि प्रा हवाई अड्डों पर जल संरक्षण तथा भारतीय वायुक्षेत्र में सीधी उड़ानें आदि । ये भा वि प्रा द्वारा उठाए गए कुछ महत्वंपूर्ण कदम हैं ।

-- जनसम्पार्क

विभाग द्वारा जारी

विस्तृदत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,

No. 26/2016-17

श्री पी॰ अशोक गजपति राजू , माननीय नागर विमानन मंत्री , वृक्षारोपण करते हुए । डा॰ गुरुप्रसाद महापात्रा,, अध्यक्ष, भारतीय विमानपतन प्राधिकरण, श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य(मानव संसाधन), भा॰वि॰प्रा॰ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भारतीय विमानन एकादमी , नई दिल्ली में वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भाग लेते हुए ।